बावुमा और डेर के शतकों से जीता द.अफ्रीका

भारत को 31 रनों से हराया

पार्ल, 19 जनवरी। कप्तान तेम्बा बावुमा (110) और रैसी वान डेर डुसेन (नाबाद 129) के शानदार शतकों तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 204 रन की जबरदस्त साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले वनडे में बुधवार को 31 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में चार विकेट पर 296 रन का मजबूत स्कोर बनाया जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 50 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन ही बना पायी। भारत एक समय दो विकेट पर 152 रन बनाकर जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन इसके बाद भारत ने 62 रन जोडकर अपने छह विकेट गंवा दिए। भारत का स्कोर आठ विकेट पर 214 रन हो गया और उसकी हार तय हो गयी।

भारत ने 46 रन की ठोस शुरुआत की लेकिन कप्तान लोकेश राहुल 12 रन बनाकर एडन मारक्रम की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गए। शिखर धवन ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। शिखर ने 84 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 79 रन बना लिए थे लेकिन लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया।

कप्तानी से मुक्त होने के बाद खेल रहे विराट ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया लेकिन इसके बाद वह चाइनामैन गेंदबाज तबरेज शम्सी की गेंद पर बावुमा के हाथों लपके गए। विराट ने 63 गेंदों पर 51 रन में तीन चौके लगाए। विराट का विकेट गिरते ही भारत का संघर्ष भी समाप्त हो गया। ऋषभ पंत 16 और श्रेयस अय्यर 17 रन बनाकर आउट हुए। पदार्पण मैच खेल रहे वेंकटेश अय्यर दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शार्दुल ठाकुर ने एकतरफा संघर्ष करते हुए हार का अंतर कम किया। ठाकुर ने आखिरी गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। ठाकुर 43 गेंदों में 50 और जसप्रीत बुमराह 23 गेंदों में 14 रन बनाकर नाबाद लौटे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लुंगिसानी एनगिडी, तबरेज शम्सी और एंडिले फेहुक्वायो ने दो-दो विकेट हासिल किये। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने खराब शुरुआत की और 68 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। यानेमन मलान छह रन बनाने के बाद जसप्रीत बुमराह की गेंद विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों लपके गए। क्विंटन डी कॉक 27 रन बनाकर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि एडन मारक्रम चार रन बनाकर रन आउट हो गए। इस नाजुक हालत में बावुमा और वान डेर ने समझदारी के साथ बल्लेबाजी की और भारतीय गेंदबाजों को संभल कर खेला। दोनों बल्लेबाजों ने अपने शतक पूरे किये। बावुमा ने अपना दूसरा शतक बनाया जबकि वान डेर ने भी दूसरा शतक बनाया। वान डेर ने अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी बनाया। बावुमा को बुमराह ने आउट किया।

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका	रन	गेंद	4	6
क्विंटन डी कॉक बो अश्विन	27	72	2	0
यानेमन मलान का पंत बो बुमराह	06	21	1	0
तेम्बा बावुमा का राहुल बो बुमराह	110	200	8	0
एडन माक्ररम रन आउट	04	10	0	0
वैन डर डुसेन अविजित	129	150	9	4
डेविड मिलर अविजित	02	12	0	0
अतिरिक्त :	18			

कुल: 50 ओवर में चार विकेट पर 296 रन
विकेट पतन: 1-19, 2-58, 3-68, 4-272
गेंदबाजी:-जसप्रीत बुमराह 10-0-48-2, भुवनेश्वर कुमार 10-0-64-0, शार्दुल ठाकुर 10-1-72-0, रविचंद्रन अश्विन 10-0-53-1, युजवेंद्र चहल 10-0-53-0

भारत				
लोकेश का डी कॉक बो मारक्रम	12	17	0	0
शिखर धवन बो महाराज	79	84	10	0
विराट कोहली का बावुमा बो शम्सी	51	63	3	0
ऋषभ स्टं डी कॉक बो फेहलुकवायो	16	22	1	0
श्रेयस का डी कॉक बो एनगिदी	17	17	1	0
वेंकटेश का वान डर डुसेन बो एनगिदा	02	7	0	0
रविचंद्रन अश्विन बो फेहलुकवायो	07	13	0	0
शार्दुल ठाकुर अविजित	50	43	5	1
भुवनेश्वर कुमार का बावुमा बो शम्सी	04	11	0	0
जसप्रीत बुमराह अविजित	14	23	1	1
अतिरिक्त:	10			

कुल: 50 ओवर में आठ विकेट पर 265
विकेट पतन: 1-46, 2-138, 3-152, 4-181, 5-182, 6-188, 7-199, 8-214
गेंदबाजी:एडन माक्ररम 6-0-30-1, मार्को यानसन 9-0-49-0, केशव महराज 10-0-42-1, लुंगी एनगिदी 10-0-64-2, तबरेज शम्सी10-1-52-2, एनडिले फेहलुकवायो 5-0-26-2

एडीए को तीन करोड़ से अधिक की हुई आय

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण को भूखण्डों की ई-निलामी से एक ही दिन में 3 करोड़ से अधिक की आय हुई। अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त अक्षय गोदारा ने बताया कि यूडीएच पोर्टल पर की जा रही ई-नीलामी से बुधवार को कोटडा योजना के 11 भूखण्डों की नीलामी से 3 करोड़ से अधिक की आय प्राप्त हुई। इन भूखण्डों पर व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पारदर्शी प्रतिस्पर्धा से लोगों ने बढ़-चढ़ कर बोली में भाग लिया। इन भूखण्डों की 27 हजार से 30 हजार तक की प्रारम्भिक बोली दर के मुकाबले 55 हजार से 60 हजार तक की बोली प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी तक गणेश गुवाड़ी, कोटड़ा, चन्द्रबरदाई नगर, हरिभाऊ उपाध्याय नगर (मुख्य) हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार), पंचशील नगर, कोटडा (शॉप कम आवासीय), चन्द्रबरदाई नगर, अर्जूनलाल सेठी नगर, पृथ्वीराज नगर (आवासीय एवं व्यावसायिक) तथा दौराई (व्यावसायिक) योजना में 61 भूखण्ड ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय किए जाएंगे। एडीए की वेबसाईट पर लॉग-ईन कर इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

नागौर कलेक्टर ने संभाला पदभार अधिकारियों से लिया फीडबैक

नागौर, (निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पीयूष समरिया ने बुधवार को नागौर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण किया। 2014 बैच के आईएएस समारिया दौसा जिला कलेक्टर के पद से स्थानान्तरित होकर यहाँ आए हैं। इससे पूर्व वे एमडी राजस्थान ऊर्जा विकास निगम, ज्वाइंट चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी जयपुर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सवाई माधोपुर के पद पर भी रह चुके हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचते ही प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनकी अगवानी की। पदभार ग्रहण करते ही जिला कलेक्टर समारिया ने कलेक्ट्रेट परिसर में सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीरालाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी सुनील पंवार, डीओआईटी संयुक्त निदेशक कुंभाराम रेलावत सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

बेटियों ने मां को मुखाग्नि दी

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। नगर निगम अजमेर उपायुक्त सीता वर्मा की मां शायरी देवी (63) पत्नी भैरूलाल के निधन पर चारो होनहार बेटियों ने नम आंखों से अर्थी को कंधा देकर बेटे का फर्ज निभाया। धार्मिक रीति रिवाज से मुक्ति धाम में चिता को मुखाग्नि देकर मां को अंतिम विदाई दी। समाजसेवी भैरूलाल के चार पुत्रियों में एक सीता वर्मा वर्तमान में नगर निगम अजमेर में उपायुक्त के पद पर कार्यरत हैं, जबकि डॉ ममता जेएलएन अस्पताल अजमेर में और पिंकी दिल्ली में आईआईटी की तैयारी कर रही है। वही मीनू बीटेक इंजीनियरिंग कर दिल्ली में एनजीओ का संचालन कर रही है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व सांधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 129 क्षेत्रफल 136.11 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री स्व. वली मोहम्मद पुत्र श्री फतह मोहम्मद निवासी प्रताप नगर लोहाखान अजमेर की मृत्यु दिनांक 27.02.2010 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्री जावेद पुत्र स्व. श्री वली मोहम्मद निवासी बी-15 चन्द्रवरदाई नगर अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री जावेद पुत्र स्व. श्री वली मोहम्मद निवासी -बी-15-चन्द्रवरदाई नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित सजरा दिनांक 01.08.2013 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

क्रमांक:तामीरात/1075 दिनांक: 19.01.2022

उजरदारी नोटिस

श्रीमति प्रेम देवी जोशी पति श्री नानूराम जोशी निवासी गागेड़ा वाले महेश कॉलोनी विस्तार भू.सं.22-25X50 फीट द्वारा पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भू-खण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुए एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

पत्रावली एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पड़ौस विवरण :-

पूर्व :- भूखण्ड संख्या 21 पश्चिम:- भूखण्ड संख्या 23
उत्तर :- भूखण्ड संख्या 27 दक्षिण:- आम रास्ता 30 फीट

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, गुलाबपुरा

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

क्रमांक:तामीरात/1074 दिनांक: 19.01.2022

उजरदारी नोटिस

श्रीमति इन्द्रा देवी पति श्री रूपलाल माली निवासी आंगूचा वाले निवासी गुलाबपुरा वृन्दावन कोलोनी-भू.सं. 30-50X35 फीट द्वारा पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भू-खण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुए एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

पत्रावली एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पड़ौस विवरण :-

पूर्व :- आम रास्ता 30 फीट पश्चिम:- भूखण्ड संख्या 31
उत्तर :- आम रास्ता 30 फीट दक्षिण:- भूखण्ड संख्या 29

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, गुलाबपुरा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर जिला अजमेर राज.

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि./2022/5716 दिनांक: 18.01.2022

लोक सूचना

(1) श्री अरनव प्रोपर्टीज शॉप नं. एफ-7 नवकार प्लाजा हरिसेवा मार्ग भीलवाड़ा प्रो.राधाकिशन पुत्र हीरालाल गुर्जर निवासी देवपुरा तहसील बिजयनगर जिला अजमेर (राजस्थान) (2) श्री कल्याणमल जाट पुत्र श्री लादूराम जाट निवासी बाड़ी तहसील बिजयनगर जिला अजमेर (राजस्थान) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

तहसील और जिले का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
जिला अजमेर तहसील बिजयनगर	बाड़ी	1583, 1584 1585, 1694	1.4520 हैक्टर आवासीय व व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ... को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर

Government of Rajasthan

कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एंव भू-विज्ञान विभाग, अजमेर

OFFICE OF THE MINING ENGINEER, DEPT. OF MINES AND GEOLOGY, AJMER

खनिज-भवन/Khanij Bhawan, आर.पी.एस.सी. के पास घूघरा घाटी/Near RPSC Ghughra Ghati, जयपुर रोड़, अजमेर

Phone: 0145-2424695 email: ME.AJMER@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक:-खअं/ अज/ख.प. 37/1996/ दिनांक :

:सार्वजनिक सूचना:

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय खनि अभियंता, अजमेर के क्षेत्राधिकार में सर्वश्री माईनिंग एण्ड मिनरल्स इण्डस्ट्रीज़ प्रो0 श्री अरविन्द कुमार सेठी पुत्र स्व. श्री हुकमचन्द सेठी, निवासी-13 आशीर्वाद, पार्श्वनाथ जैन कॉलोनी, दौलत बाग के पास, अजमेर (राज.) के पक्ष में खनन पट्टा संख्या 37/1996 वास्ते खनिज़ फैल्सपार, क्वार्टज व माईका क्षेत्र 32.37 हैक्टर निकट ग्राम गुजरवाड़ा, तहसील अंराई, जिला अजमेर में संविदा पंजीयन की तिथि 12.12.1977 से 50 वर्ष तक के लिए प्रभावशील है। पट्टाधारी फर्म के प्रोपराईटर श्री अरविन्द कुमार सेठी का स्वर्गवास दिनांक 07.01.2022 को हो जाने से पट्टाधारी के पुत्र श्री दक्ष सेठी द्वारा उक्त खनन पट्टे को स्वयं के नाम पर नामान्तरण करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 16.01.2022 को करते हुए हार्ड प्रति कार्यालय . में दिनांक 17.01.2022 को प्रस्तुत किया गया है। अतः नामान्तरण अथवा उत्तराधिकार के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि के 15 दिवस में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करे, बाद अवधि किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी, तथा राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 76 के अनुसार खनन पट्टा नामान्तरण की कार्यवाही श्री दक्ष सेठी पुत्र स्व. श्री अरविन्द कुमार सेठी, निवासी-13 आशीर्वाद, पार्श्वनाथ जैन कॉलोनी, दौलत बाग के पास, अजमेर (राज.) के पक्ष में सम्पादित की जावेगी, सो सूचित होवें।

खनि अभियंता, अजमेर।

Government of Rajasthan

कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एंव भू-विज्ञान विभाग, अजमेर

OFFICE OF THE MINING ENGINEER, DEPT. OF MINES AND GEOLOGY, AJMER

खनिज-भवन/Khanij Bhawan, आर.पी.एस.सी. के पास घूघरा घाटी/Near RPSC Ghughra Ghati, जयपुर रोड़, अजमेर

Phone: 0145-2424695 email: ME.AJMER@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक:-खअं/ अज/ख.प. 07/1993/ दिनांक :

:सार्वजनिक सूचना:

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय खनि अभियंता, अजमेर के क्षेत्राधिकार में सर्वश्री माईनिंग एण्ड मिनरल्स इण्डस्ट्रीज़ प्रो0 श्री अरविन्द कुमार सेठी पुत्र स्व. श्री हुकमचन्द सेठी, निवासी-13 आशीर्वाद, पार्श्वनाथ जैन कॉलोनी, दौलत बाग के पास, अजमेर (राज.) के पक्ष में खनन पट्टा संख्या 07/1993 वास्ते खनिज फैल्सपार, क्वार्टज, एमरल्ड, सोपस्टोन, बेरिल क्षैत्र 46.32 हैक्टर निकट ग्राम राजगढ़, तहसील नसीराबाद, जिला अजमेर में संविदा पंजीयन की तिथि 22.09.1998 से 50 वर्ष तक के लिए प्रभावशील है। पट्टाधारी फर्म के प्रोपराईटर श्री अरविन्द कुमार सेठी का स्वर्गवास दिनांक 07.01.2022 को हो जाने से पट्टाधारी के पुत्र श्री दक्ष सेठी द्वारा उक्त खनन पट्टे को स्वयं के नाम पर नामान्तरण करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 16.01.2022 को करते हुए हार्ड प्रति कार्यालय में दिनांक 17.01.2022 को प्रस्तुत किया गया है। अतः नामान्तरण अथवा उत्तराधिकार के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि के 15 दिवस में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करे, बाद अवधि किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी, तथा राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 76 के अनुसार खनन पट्टा नामान्तरण की कार्यवाही श्री दक्ष सेठी पुत्र स्व. श्री अरविन्द कुमार सेठी, निवासी-13 आशीर्वाद, पार्श्वनाथ जैन कॉलोनी, दौलत बाग के पास, अजमेर (राज.) के पक्ष में सम्पादित की जावेगी, सो सूचित होवें।

खनि अभियंता, अजमेर।

आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लि.

शाखा अजमेर (0145) 2630650 मो. 9269240811, 9414152491

नीलामी सूचना (नियम 8(6))

[प्रतिभूति वित्तीय आस्तियों के पूर्ननिर्माण व प्रतिभूतिहीत का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (SARFAESI Act 2002) के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधिन]

यतः सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इन्ट्रस्ट, 2002 (सिक्युरिटाइजेशन एक्ट) के अधीन आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लि., तीन बत्ती, सिरोही का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा सिक्युरिटी इन्ट्रस्ट (इन्फोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुझ अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13(2) एवं 13(4) के अधीन हमारी अजमेर शाखा के चुककर्ता **ऋणी सदस्य मैसर्स एस.के.इण्डस्ट्रीज भागीदार, जमानती एवं रहनकर्ता श्री नितिन कनोडिया पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार कनोडिया के नाम की बैंक में रहनशुदा सम्पति जो जैसा है जहां है जिस हालात में स्थित है के आधार पर नीलामी दिनांक 21.02.2022 वार सोमवार को प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक शाखा परिसर में रखी गई है।** अतः ऋणी, जमानतियों व जनसाधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक खरीददार शाखा में उपस्थित होकर बोली में भाग लेवे। एवं नीलामी में हिस्सा लेने हेतु धरोहर राशि 10 प्रतिशत वेल्यू की जमा करानी होगी एवं नीलामी छुटने के बाद सफल बोलीदाता को बोली की 25 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी। अन्य जानकारी नीलामी स्थल पर बताई जायेगी।

अचल सम्पति का वर्णन

प्रथम सम्पति :- जो द्वितीय मंजील, के.सी.कॉम्पलेक्स, सुभाष गार्डन के सामने, सुन्दर विलास के पास, अजमेर में स्थित है। ए.एम.सी नं. 18/919=10/396-ए = 711/4(शॉप नं. 43-बी) का भाग दुकान नं. 43 बी, कुल क्षेत्रफल 162 वर्गफीट है, जिसका बक्शीश नामा उप पंजीयक कार्यालय अजमेर में दिनांक 09.05.2008 को पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1646, क्र.सं. 2008001672 एवं पृष्ठ संख्या 196 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 3578 में पृष्ठ संख्या 383 से 396 पर चस्पा किया गया जो श्री नितीन कनोडिया पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार कनोडिया के नाम से है। नोट :- सम्पति की वेल्यू रू. 17,80,000/- है। जिसकी चारो ओर की सीमाएं निम्न है :-

उत्तर : दूकान नं. 43ए, दक्षिण : 6 फीट चौडा कोरीडोर, पूर्व : दूकान नं. 44 एवं पश्चिम : ओ.टी.एस.

द्वितीय सम्पति :- जो द्वितीय मंजील, के.सी.कॉम्पलेक्स, सुभाष गार्डन के सामने, सुन्दर विलास के पास, अजमेर में स्थित है। ए.एम.सी नं. 18/919=10/396-ए = 711/4(शॉप नं. 43-ए) का भाग दुकान नं. 43 ए, कुल क्षेत्रफल 162 वर्गफीट है, जिसका बक्शीश नामा उप पंजीयक कार्यालय अजमेर में दिनांक 09.05.2008 को पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1646, क्र.सं. 2008001669 एवं पृष्ठ संख्या 193 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 3578 में पृष्ठ संख्या 345 से 358 पर चस्पा किया गया जो श्री नितीन कनोडिया पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार कनोडिया के नाम से है। नोट :- सम्पति की वेल्यू रू. 17,80,000/- है। जिसकी चारो ओर की सीमाएं निम्न है :-

उत्तर : 6 फीट चौडा कोरीडोर, दक्षिण : दूकान नं. 43बी, पूर्व : दूकान नं. 44 एवं पश्चिम : ओ.टी.एस.

स्थान : सिरोही, राजस्थान प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 13.01.2022 आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लि.

कार्यालय ग्राम पंचायत मण्डावरिया, पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक:ग्रापम/2021-22/12-16 दि. 17.01.2022

सीमित निविदा सूचना

पंचायत समिति अरांई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत मण्डावरिया कार्य का नाम, ग्राम मण्डावरिया में चापोती ढाणी में पुलिया निर्माण कार्य के लिए सीमित निविदाएं आमंत्रित की जताती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।

NIB NO-ZAJ2122A052-ZAJ2122WSLB00688

ग्राम विकास अधिकारी सरपंच
ग्राम पंचायत मण्डावरिया ग्राम पंचायत मण्डावरिया
पंचायत समिति अरांई अजमेर पंचायत समिति अरांई अजमेर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला अजमेर राज.

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर

टेलीफोन नम्बर-01462-230051 ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक-न.पा.बि./भूमि/2021/4646 दिनांक :-01.12.2021

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों/ मकानों के पास स्थित खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 07 योम में नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्र. सं.	नाम आवेदक	क्षेत्रफल	क्षेत्रफल
1	श्री देबीलाल खाती पुत्र श्री मेघराज खाती	भिनाय कॉलोनी बिजयनगर के खसरा नम्बर 53 भूखण्ड संख्या 04 के पूर्वी दिशा में स्थित खांचा भूमि	12.22 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी,
नगर पालिका बिजयनगर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

प्राधिकृत अधिकारी - मजीद खान, सम्पर्क नम्बर - 9828057866 / 9874702021

IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV-ए

(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 25.02.2022 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड) को 26.04.2021 को बकाया रूपये 16,73,035/- की मै. पूजा एन्टरप्राइजेज एवं श्रीमती चांद देवी, भागचन्द प्रजापत (ऋण ग्रहिता-सह ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

ऑक्शन स्टेट्स

आरक्षित मूल्य	रूपये 18,50,000/-
बयाना राशि जो जमा होगी	रूपये 185000/-
बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि	24.02.2022 को सायं 5.00 तक
सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	18.02.2022 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक
नीलामी की तिथि	25.02.2022 प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 तक
सम्पत्ति का विवरण	रिहायशी सम्पत्ति, 13 नेहरू कालोनी, खसरा नं. 4039, शिखरानी रोड, चोसला, बिजय नगर, अजमेर-305624 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फिट, सीमायें निम्न है- पूर्व-प्लाट नं. 06, पश्चिम-आम रास्ता (रोड), उत्तर-प्लाट नं.12, दक्षिण-प्लाट नं. 14

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था)

दिनांक- 18.01.2022
स्थान - अजमेर

NAME CHANGE

I have changed my name from Asharaph S/O Bhoja to Ashraf S/O Bhoja. Address: Village: Lakhina, Masjid ke pas, Meharato ka Mohalla, Post: Suhawa, Beawar-305901 (Ajmer) Raj.

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

क्रमांक:न.पा.गु./कृषि भूमि/2021-22/1085-1087 दिनांक: 19.01.2022

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवचरण माथुर कॉलोनी में लीज डीड राशि नियमन के तहत पट्टे प्राप्त किए जाने के लिए निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम-खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तवेजों के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है। बाद मियाद अवोदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही की दी जावेगी।

शिवचरण माथुर कॉलोनी लीज राशि

क्र. सं.	नाम मूल आवंटी/ आवेदक	भूखण्ड संख्या	नाप (वर्गफीट)	अनुज्ञा-पत्र क्रमांक/दिनांक	पड़ौसान
1	श्री लक्ष्मीलाल जैन पुत्र श्री नन्दलाल जैन सापोला तहसील बदनोर-भीलवाड़ा	04-B-26	25X49	000257/ 15.11.1997	पूर्व- सड़क 30 फीट पश्चिम-भूखण्ड संख्या 4-B-03 व 04 उत्तर- भूखण्ड संख्या 4-B-27 दक्षिण-भूखण्ड संख्या 4-B-25
2	श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लादूलाल छाजेड़ बिजयनगर तह.बिजयनगर अजमेर	03-C-18	25X49	000433/ 15.11.1997	पूर्व- भूखण्ड संख्या 3-C-17 पश्चिम-भूखण